तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 14. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, रविवार, 15 फरवरी 2026



लंबित प्रकरणों का समय पर निराकरण करते हुए आरोपियों के विरुद्ध करें सख्त कार्रवाई : गर्ग 4



## खबर संक्षेप

### कृषि मेला में धारदार हथियार लहराने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय जांजगीर के मेला परिसर में लोगों को डराने–धमकाने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध पुलिस ने कड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 2 नग धारदार हथियार बरामद कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार हाई स्कूल मैदान मेला ग्राउंड में पेट्रोलिंग के लिए तैनात किया गया था। पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि मेले में कुछ युवक धारदार हथियार लहराकर आम लोगों को डरा-धमका रहे हैं। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मेला परिसर के अलग-अलग स्थानों से दो आरोपियों को पकड़ लिया, जिनके कब्जे से धारदार हथियार बरामद किए गए। पुलिस ने अरुण उर्फ सागर बंजारे, पिता छोटेलाल बंजारे, उम्र 24 वर्ष, निवासी खड़पड़ी पारा, जांजगीर रितेश राठौर, पिता जीवन प्रसाद राठौर, उम्र 19 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 21, खड़पड़ी पारा के विरुद्ध पृथक-पृथक आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### बोर्ड परीक्षा के सुचारू संचालन हेतु जिला कंट्रोल रूम स्थापित

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ माशिमं द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा वर्ष का आयोजन हाई स्कूल परीक्षा 20 फरवरी तथा हायर सेकेण्डरी परीक्षा 21 फरवरी से 18 मार्च तक किया जा रहा है। जिले में बोर्ड परीक्षा के सफल संचालन हेतु कुल 75 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं।

हसौद थाना क्षेत्र के ग्राम देवरघटा का रहने वाला था मृतक

# सक्ती जिले के मजदूर की इंदौर में गला रेतकर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

.हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद

## फोटो फ्रेम कंपनी में काम करता था युवक

मध्यप्रदेश के इंदौर शहर में फोटो स्टूडियो में काम करने वाले हसौद थाना क्षेत्र के देवरघटा निवासी युवक की गला रेतकर हत्या कर दी गई। रक्त रंजित स्थिति में युवक का शव इंदौर में बरामद किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सक्ती जिले के हसौद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम देवरघटा निवासी 45 वर्षीय खोजराम नारंगे की मध्यप्रदेश के इंदौर में निर्मम हत्या कर दी गई है। अज्ञात आरोपियों ने धारदार हथियार से गला रेतकर वारदात को अंजाम दिया है। घटना इंदौर के बाणगंगा थाना क्षेत्र के एमआर-4 स्थित रेलवे क्रॉसिंग के पास की है, जंहां 12 फरवरी की सुबह लगभग 8 बजे मजदूर खोजराम की रक्तरंजित हालत में शव बरामद हुआ। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। खोजराम इंदौर में अपने दो भाइयों, दो बहनों व चचेरे भाई सहित 10-12 लोगों के साथ लक्ष्मीबाई रेलवे स्टेशन के सामने श्याम यादव के मकान में किराए से रहता था। वह पोलोग्राउंड स्थित युग कलर फोटो स्टूडियो लैब में फोटो एल्बम बनाने का कार्य करता था।



### बुधवार रात से था लापता

परिजनों के अनुसार खोजराम दिन-रात दोनों शिफ्ट में काम करता था। बुधवार रात वह अपने कमरे नहीं लौटा, जिसके बाद उसकी तलाश की जा रही थी। मृतक की पत्नी सती नारंगे, जो अपने दो बच्चों के साथ मायके परसाडीह में रहती है, उसने बताया कि बुधवार रात करीब 10 बजे पति का फोन आया था। उसने बताया कि वह शराब दुकान के पास है और कुछ युवक उससे झगड़ा कर रहे हैं। फोन पर विवाद की आवाज भी सुनाई दी। इसके बाद मोबाइल बंद हो गया। पुलिस के अनुसार मृतक के गले पर धारदार हथियार के गहरे निशान पाए गए हैं। शरीर पर अन्य चोटों के निशान भी मिले हैं, जिससे संघर्ष की आशंका जताई जा रही है। इंदौर पुलिस लूट या आपसी रंजिश दोनों पहलुओं पर जांच कर रही है और बीएनएस की धारा 103(1) के तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी है।

### सीएम ने दिया हर संभव मदद का आश्वासन

सीएम साय ने फोन पर बातचीत कर मृतक की पत्नी को दिया हर संभव मदद का भरासा जताया है। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र के पूर्व विधायक निर्मल सिन्हा ने परिजनों से मुलाकात की और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से फोन पर बात कराई। मुख्यमंत्री ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए हर संभव शासकीय सहायता का आश्वासन दिया। पोस्टमार्टम के बाद मृतक का पार्थिव शरीर 14 फरवरी शनिवार की शाम करीबन 7 बजे गृह ग्राम देवरघटा लाया गया जहां विधि-विधान से अंतिम संस्कार किया गया।

### केरल में भी हो चुकी है सक्ती जिले के युवक की हत्या

सक्ती जिले के कई युवक बड़ी संख्या में कमाने खाने के लिए अन्य राज्यों की ओर पलायन करते है। ताकि दो वक्त की रोटी कमा सके। केरल प्रदेश में भी सक्ती जिले के युवक की हत्या का मामला सामने आ चुका है। जिले के जैजैपुर ब्लाक अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत करही का युवक काम की तलाश में केरल प्रदेश गया हुआ था। इस दौरान उस क्षेत्र के स्थानीय निवासी युवक की भाषाओं को नहीं समझ सके। वहीं युवक को बंग्लादेश का होना बताकर उसकी लाठी डंडे से पीट पीटकर हत्या कर दी गई। इस मामले की सूचना स्थानीय पुलिस के साथ साथ जब राज्य शासन को हुई तो उन्होंने इस मामले को तुरंत संज्ञान में लिया। इसके बाद मृत युवक का शव लाया गया। वहीं उनके परिजनों को शासन स्तर से आर्थिक मदद भी दी गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद जनप्रतिनिधियों के साथ साथ प्रशासनिक अफसर भी ग्राम करही पहुंचे थे। इस बीच अफसरों के द्वारा उनके बच्चे के भविष्य को लेकर पढ़ाई लिखाई की व्यवस्था बनाई गई थी। देखा जाए तो सक्ती जिले के कई स्थानीय लोग अधिक मजदूरी दर प्राप्त करने को लेकर अन्य राज्यों की ओर पलायन करते है, लेकिन कई बार वे घटनाओं के शिकार भी हो जाते है। कुछ इसी तरह का मामला ग्राम करही एवं देवरघटा में सामने आ चुके है। प्रशासन के अफसरों द्वारा ग्रामीण स्तर पर लोगों के रोजगार को ध्यान में रखकर स्थानीय स्तर पर काम भी उपलब्ध कराते है।

# पिकअप से टकराई बाइक, पिता की मौत, पुत्र गंभीर रूप से घायल

## चांपा के गौरव पथ के पास हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

चांपा के गौरव पथ के डिवाइडर से बाइक टकरा गई। इसके बाद फिर सड़क किनारे खड़े पिकअप से जा टकराई। घटना में बाइक सवार पिता की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उसका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

इस संबंध में चांपा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना शनिवार 14 फरवरी की है। सारागांव थाना क्षेत्र के ग्राम पचोरी निवासी सरजू भैना एवं उसका पुत्र आशीष भैना महुदा गांव के ईंट भट्ठी गए थे और वहां से वापस लौट रहे थे। इस बीच उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गौरव पथ के डिवाईडर से जा टकराई। इसके बाद खडे पिकअप से टकरा गई। घटना में पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। इस बीच बाइक में पीछे बैठे सरजू भैना की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आसपास लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। वहीं



हादसे के बाद मौके पर लगी लोगों की भीड़।

मामले की सूचना चांपा पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक सवार युवक सड़क पर अचानक आई गाय को बचाने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान उनकी बाइक डिवाइडर से टकरा गई, जिससे संतुलन बिगड़ गया और बाइक बाईं ओर खड़े एक पिकअप वाहन से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पीछे बैठे सरजू भैना के सिर में गंभीर चोट आई, जिससे उसकी मौत हो गई, जबकि आगे बैठे युवक को मामूली चोटें लगी हैं। घटना की सूचना मिलते ही चांपा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और एम्बुलेंस की सहायता से गंभीर रूप से घायल युवक को अस्पताल भेजा गया। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गयी। चांपा पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## युवक की हत्या मामले में दो अपचारी बालक समेत तीन गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** धारदार हथियार से युवक की हत्या मामले में फरार दो अपचारी बालक समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मामला शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम धरदेई का है।

इस संबंध में शिवरीनारायण पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सारंगढ़ जिले के ग्राम दर्रा निवासी राहुल चौहान शिवरीनारायण मेला देख कर अपनी मौसी के घर ग्राम धरदेई गया था। अज्ञात लोगो के द्वारा धारदार हथियार से उसकी हत्या कर पुरेना तालाब में फेक दिया गया। जिसकी सूचना पर 11 फरवरी को थाना शिवरीनारायण पुलिस द्वारा त्वरित घटना स्थल पहुंचकर मर्ग जांच पंचनामा कार्यवाही में लिया। मामले मे शामिल फरार आरोपी राजवीर अनंत निवासी राहौद एवं अपचारी बालक को पकड़ा, जिसे घटना के सम्बंध मे पुछताछ करने पर अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर राहुल चौहान को चाकू से हत्या करना कबूल किया। मामले में अन्य आरोपियों की पतासाजी की जा रही है।



## खबर संक्षेप

### नया लेबर कोड मजदूर विरोधी, श्रमिक हितों की अनदेखी : पोषक

**कोरबा।** एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर के सांसद प्रतिनिधि पोषक महंत ने केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए नए लेबर कोड की कड़ी आलोचना करते हुए इसे मजदूर विरोधी बताया है। उन्होंने कहा कि नई श्रम नीतियाँ श्रमिकों के अधिकारों को कमजोर करती हैं तथा मजदूरों के शोषण को प्रोत्साहित करती हैं। पोषक महंत ने कहा कि सरकार की नीतियाँ श्रमिक वर्ग की सुरक्षा, वेतन, कार्य-घंटों और सामाजिक सुरक्षा जैसे मूलभूत अधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान व्यवस्था पूंजीपतियों को अधिक लाभ पहुंचाने की दिशा में कार्य कर रही है, जिससे भारतीय समाज में आर्थिक और सामाजिक असंतुलन की स्थिति उत्पन्न हो रही है। उन्होंने कहा कि देश की प्रगति में मजदूरों की महत्वपूर्ण भूमिका है और उनके हितों की अनदेखी किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं है। श्रमिकों की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। पोषक महंत ने सरकार से मांग की है कि लेबर कोड की विवादित धाराओं की पुनः समीक्षा कर श्रमिक संगठनों से व्यापक चर्चा की जाए तथा मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए आवश्यक संशोधन किए जाएं। अंत में उन्होंने कहा कि यदि श्रमिकों के अधिकारों की अनदेखी जारी रही तो व्यापक जनआंदोलन की स्थिति निर्मित हो सकती है। मजदूरों की आवाज को दबाया नहीं जा सकता और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष किया जाएगा।

### 15 ब्लॉक के आंगनबाड़ी केंद्र में वजन उत्सव का आयोजन

**कोरबा।** शासन के निर्देशानुसार जिले में 9 से 18 फरवरी तक वजन उत्सव अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 15 ब्लॉक स्थित एसईसीएल कॉलोनी वार्ड क्रमांक 15 के आंगनबाड़ी केंद्र में शुक्रवार को 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों के लिए विशेष वजन उत्सव शिविर आयोजित किया गया। शिविर के दौरान क्षेत्र के सभी बच्चों का एक-एक कर इलेक्ट्रॉनिक मशीन से वजन तथा ऊंचाई मापी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के शारीरिक विकास की नियमित निगरानी करना एवं कुपोषण की रोकथाम सुनिश्चित करना है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने अभिभावकों को बच्चों का नियमित वजन कराने, संतुलित एवं पौष्टिक आहार देने तथा स्वच्छता के महत्व के संबंध में जानकारी दी। साथ ही गर्भवती एवं शिशुवती माताओं को भी पोषण संबंधी आवश्यक सुझाव प्रदान किए गए। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उमा राय एवं मालती सारथी, सहयोगी कार्यकर्ता पूर्णिमा सिंह, मितानिन उर्मिला चौधरी एवं अनिता यादव, आंगनबाड़ी सहायिका सुशीला सारथी व निर्मला चौधरी ननका हितग्राही सपना राणा, पुष्पा साहू, रजनी सूर्यवंशी, तुलसी ठाकुर, नीलम, रवीना साहू, उपासना साहू, आराधना, प्रिंस और अशोक तथा स्वास्थ्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ने सरकार के फैसले पर जताया आभार

**बरपाली।** छत्तीसगढ़ सरकार ने किसानों को होली से पहले उनके द्वारा बेचे गए धान के बोनस की राशि को एक मुश्त देने का फैसला किया है जिससे राज्य के किसानों में भारी हर्ष व्याप्त है। भाजपा किसान मोर्चा द्वारा छत्तीसगढ़ सरकार के इस किसान हितैषी निर्णय का स्वागत करते हुए सरकार का आभार जताया । इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बरपाली निवासी किशन अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत धान के समर्थन मूल्य व खरीदी के अंतर की राशि के रूप में लगभग 10 हजार करोड रुपए का भुगतान किसानों को होली त्योहार से पहले एक मुश्त किया जाएगा। इस योजना के तहत छत्तीसगढ़ के समस्त पंजीकृत किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल के हिसाब से धान की खरीदी 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल के दर से की जा रही है जो पूरे भारतवर्ष में सर्वाधिक है। इस निर्णय से प्रदेश के किसानों को आर्थिक संबल मिलने के साथ-साथ उत्सव व उल्लास बढ़ेगा।

### चैतमा में मनाई गई महाराजा गुहा निषाद राज की जयंती

**चैतमा।** महाराजा गुहा निषाद राज की जयंती चैतमा में धूमधाम से मनाया गया। जिसमें निषाद केंवट समाज द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम रामचंद्र एवं माता सीता और महाराजा गुहा निषाद राज के पूजा अर्चना कर झांकी निकाल कर गांव में भ्रमण कर अपने सामाजिक भवन पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें पूर्व जिलाध्यक्ष अजीत कैवर्त्य द्वारा अपने उदबोधन में समाज को संगठित रहने बच्चों को उचित शिक्षा ग्रहण कराने एवं समाज को नसे से मुक्त रहने का अहवान किया गया उन्होंने महाराजा निषाद राज को बताया कि निषाद राज कोई साधारण व्यक्ति नहीं वे एक राजा थे जिन्होंने पूरे निषाद सामाज का उद्धार किया। वनवास के समय रामचंद्र को अपने डोंगा से नदी पार करा कर पूरे निषाद समाज को गौरवान्वित किया है। जिससे हमारा समाज उनके बताए मार्ग पर चलते आ रहे है और उनके बताए हुए मार्ग को याद रखने के लिए महाराजा गुहा निषाद राज की जयंती हर वर्ष मनाते हैं। कार्यक्रम में अमर नाथ कैवर्त्य, डा. रामकुमार कैवर्त्य, किसन कैवर्त्य, अजीत कैवर्त्य, पूनम कैवर्त्य, माधुरी कैवर्त्य, कार्तिक राम कैवर्त्य, लता कैवर्त्य, प्रेरणा कैवर्त्य, बोधराम कैवर्त्य, बिहारी लाल, राकेश कैवर्त्य, रनसाय कैवर्त्य, लक्ष्मी कैवर्त्य सुरेश कैवर्त्य, सुनील कैवर्त्य सहित ईकाइ मादन, सलोरा, दीपका, बिसनपुर, छुरी के पदाधिकारीगण व चैतमा के सरपंच, उपसरपंच एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### मोरगा चौकी क्षेत्र के केंदई फाल के समीप हाईवे पर हादसा

# ओवरटेक करने के चक्कर में दो वाहनों में भिड़ंत कार में सवार दो लोगों की मौत, दो गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक तेज रफ़्तार अल्टो कार में सवार चार लोग मेहमानी से वापस अपने घर लौट रहे थे कि तेज रफ्तार कार ओवरटेक करने के चक्कर में सामने से आ रही दूसरी वाहन से भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरजस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और इस सड़क हादसे में दो लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और दुर्घटना को अंजाम देने वाले अज्ञात वाहन चालक की खोजबीन शुरू की जा रही है।


दुर्घटनाग्रस्त कार।

जानकारी के अनुसार मोरगा चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम शर्मा निवासी धनपत यादव 42 वर्ष पिता रघुनंदन यादव, इंद्रजीत गोड़ उम्र 43 वर्ष पिता प्रताप सिंह नेटी, पप्पू पटेल और उदयपाल गोड़ चारों ऑल्टो र क्रमांक सीजी 12 एएल 4778 में सवार होकर ग्राम पुटा धनपत यादव की बहन शकुंतला के घर गए हुए थे। जहां शकुंतला के पुत्र पुत्री के शादी की बातचीत चल रही थी, इसी को लेकर सभी लोग शकुंतला के घर ग्राम कोटा गए हुए थे। जहां रात 10 बजे चारों लोग ऑल्टो कार में सवार होकर ग्राम पुटा से अपने गृहग्राम शर्मा लौट रहे थे कि मोरगा का चौकी क्षेत्र अंतर्गत केंदई फॉल झरना के समीप हाईवे पर पहुंचे थे कि ओवरटेक करने के दौरान सामने से आ रही एक अज्ञात वाहन ने ऑल्टो कार को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद अज्ञात वाहन मौके से फरार हो गया। हादसा इतनी जबरजस्त थी कि कार में सवार धनपत यादव और इंद्रजीत गोंड़ की मौके पर मौत हो गई। जबकि उदय पाल और पप्पू पटेल गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया है। मामले में पुलिस ने दुर्घटना को अंजाम देने वाले अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर खोजबीन शुरू कर दी है।

#### हाईवे में लगातार हो रहे हैं हादसे

कटघोरा-अंबिकापुर मुख्यमार्ग का निर्माण जब से हुआ है तब से रोड चकाचक होने की वजह से इस मार्ग में गुजरने वाले लोग अपने वाहनों से हवा से बात करते हैं और जरा सी चूक होते ही भीषण हादसे होते हैं। इस मार्ग में बीचो-बीच डिवाइडर नहीं है जिसकी वजह से ओवरटेक करने के चक्कर में ही हादसे होते हैं और लोगों की मौतें होती हैं। जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन द्वारा इस मार्ग में हो रहे हादसों को रोकने के लिए कई बार तरह-तरह के उपाय किये जा चुके हैं लेकिन सारे उपाय फेल हो रहे हैं। बताया जाता है कि जब तक इस मार्ग में डिवाइडर नहीं बन जाते तब तक ऐसे हादसे होते रहेंगे और लोग कलकवलित होते रहेंगे। प्रशासन को इस मार्ग में डिवाइडर बनाने की दिशा पर ठोस पहल करनी चाहिए ताकि इस तरह के हादसों को रोका जा सके।

# उपभोक्ता जागरूकता ही शोषण से बचाव का प्रभावी माध्यम



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छग राज्य उपभोक्ता आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक जिले के ग्रामीण क्षेत्रो में उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कोरबा जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा भी लगातार उर्जाधानी के विभिन्न ग्राम पंचायत मे ग्रामीणो को उपभोक्ता कानून की जानकारी देते हुए उन्हे उनके अधिकारो से अवगत कराया जा रहा है। इसी क्रम में सात फरवरी को कटघोरा विकासखंड के ग्राम पंचायत सलोरा में कोरबा जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्षा श्रीमती रंजना दत्ता, सदस्यगण- सुश्री ममता दास एवं श्री पंकज कुमार देवड़ा ने ग्रामवासियों को उनके अधिकारों व हितों की विस्तृत जानकारी दी। ग्राम पंचायत सलोरा के सभागृह में आयोजित कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन एवं माँ सरस्वती के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके पश्चात उपस्थित अतिथियो का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए जिला उपभोक्ता आयोग कोरबा की अध्यक्ष श्रीमती रंजना दत्ता, सदस्यगण- सुश्री ममता दास एवं श्री पंकज कुमार देवड़ा ने संयुक्त रूप से बताया कि शिविर का उद्देश्य ग्रामीण उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों, कर्तव्यों तथा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों से अवगत कराना है। उपभोक्ता जागरूकता ही शोषण से बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम है। उनके द्वारा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 की जानकारी देते हुए बताया कि उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण वस्तु एवं सेवाएं प्राप्त करना उनका कानूनी अधिकार है।

# हड़ताल में शामिल कोयला कर्मियों की होगी वेतन कटौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला जगत में चार लेबर कोड के विरोध में एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल कोल कर्मियों का डाटा तैयार किया जा रहा है। हड़ताल में शामिल कोयला कर्मियों का वेतन काटने की तैयारी शुरु कर दी गई है। एसईसीएल प्रबंधन ने सभी परिक्षेत्र को हड़ताल में शामिल कोल कर्मियों की सूची मांगी है। प्रबंधन की मानें तो सामान्य दिनों की अपेक्षा 30 प्रतिशत कर्मचारी हड़ताल में शामिल थे। जिन्हें काम नहीं तो वेतन नहीं के तहत वेतन का भुगतान नहीं किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार द्वारा चार नए लेबर कोड लागू करने के विरोध में 12 फरवरी को राष्ट्रीव्यापी एक दिवसीय कामबंद हड़ताल किया गया था। कोल इंडिया प्रबंधन के निर्देश पर सभी अनुषंगी कंपनियों ने हड़ताल से पूर्व ही नोटिस जारी किया था कि हड़ताल में शामिल होने पर काम नहीं तो वेतन नहीं का नियम लागू होगा। इसके तहत कोल इंडिया प्रबंधन ने हड़ताल को लेकर काम नहीं तो वेतन नहीं का नोटिस जारी किया था। जिले में एसईसीएल की संचालित चारों परिक्षेत्र दीपका, गेवरा, कुसमुंडा और कोरबा में भी हड़ताल का असर देखने को मिला। 12 फरवरी की सुबह पहली पाली से ही श्रमिक संगठन के नेता हड़ताल को सफल बनाने में जुटे हुए थे। श्रमिक संगठनों की मानें तो हड़ताल शत प्रतिशत तक सफल रहा। वहीं प्रबंधन की मानें तो हड़ताल का केवल आंशिक असर देखने को मिला। सामान्य दिनों की अपेक्षा 30 प्रतिशत कर्मचारी ही हड़ताल में शामिल हुए जिनकी वेतन काटने की तैयारी शुरु कर दी गई है। प्रबंधन ने सभी परिक्षेत्र के जीएम से हड़ताल में शामिल कर्मियों की सूची मांगी है। सूची मिलने के बाद हड़ताली कर्मियों की वेतन में कटौती की जाएगी। वहीं दूसरी ओर एसईसीएल प्रबंधन का कहना है कि कोल इंडिया के सभी अनुषंगी कंपनियों में हड़ताल का व्यापक असर देखने को मिला है। हालांकि एसईसीएल में हड़ताल का व्यापक असर नहीं रहा है। केवल 30 प्रतिशत कर्मचारी ही हड़ताल में शामिल रहे। यही वजह है कि रोजाना की तरह कोयला उत्पादन में 30 प्रतिशत की कमी देखने को मिली है। इसकी अपेक्षा कोल इंडिया के अन्य अनुषंगी कंपनियों में हड़ताल का खासा असर देखने को मिला है। एसईसीएल ही ऐसी कंपनी है जहां हड़ताल का महज 30 प्रतिशत उत्पादन पर असर पड़ा है। जिससे आने वाले दिनों में जल्द पूरा कर लिया जाएगा। प्रबंधन द्वारा हड़ताली कर्मचारियों के वेतन कटौती के निर्णय से हड़ताल में शामिल होने वाले कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

#### खास बात

- एसईसीएल प्रबंधन ने हड़ताली कर्मचारियों की मांगी सूची, कर्मियों में मचा हड़कंप

#### हड़ताल से 30 प्रतिशत कम कोयला उत्पादन

एसईसीएल में हड़ताल का ज्यादा असर देखने को नहीं मिला है। एरियावार हड़ताल में शामिल कर्मचारियों की सूची अभी उपलब्ध नहीं हुई है। पूरे एसईसीएल में सामान्य दिनों की अपेक्षा लगभग 30 प्रतिशत कर्मचारी शामिल थे जिनकी वेतन कटौती की जाएगी। हड़ताल की वजह से एसईसीएल की सभी एरिया में महज 30 प्रतिशत कम कोयला उत्पादन किया गया है।

**- डॉ सनिश चंद,** पीआरओ एसईसीएल

# महिलाएं आत्मनिर्भर बनें और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने आगे आएं : सरला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला द्वारा भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी की अध्यक्षता में मिनीमाता कन्या महाविद्यालय में केंद्रीय बजट पर महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती सरला कोसरिया रहीं। अपने उद्बोधन में उन्होंने केंद्रीय बजट के प्रमुख प्रावधानों, विकास योजनाओं और जनकल्याणकारी घोषणाओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए आगे आने का आह्वान किया।

#### खास बातें

- महिलाओं की भागीदारी से सशक्त भारत का आह्वान
- केंद्रीय बजट पर भाजपा महिला मोर्चा का संवाद


महिला आयोग अध्यक्ष का स्वागत करते हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने की दिशा में केंद्रीय बजट 2026-27 एक ऐतिहासिक मील का पत्थर सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं की भागीदारी के बिना विकसित भारत की कल्पना अधूरी है, इसलिए छात्राओं, बहनों और माताओं को आत्मनिर्भर बनाने वाले प्रावधान इस बजट की सबसे बड़ी विशेषता हैं। उन्होंने बजट के प्रमुख प्रावधानों का उल्लेख करते हुए बताया कि रक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर, ग्रामीण विकास, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्रों में बड़े निवेश से देश की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी, वहीं आयकर में राहत से मध्यम वर्ग को बड़ा संबल मिलेगा। कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री सुश्री ऋतु चौरसिया, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रीति स्वर्णकार, पार्षद नरेंद्र देवांगन, श्रीमती अशोक बाई कंवर अध्यक्ष, जनपद पंचायत करतला, श्रीमती सोनी कुमारी झा अध्यक्ष, नगर पालिका बांकीमोंगरा, कोसाबाड़ी मंडल अध्यक्ष डॉ. राजेश राठौर, जिला महामंत्री संजय शर्मा,अजय विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष रेणुका राठिया, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष डॉ. विजय राठौर, समाजसेविका सुधा झा, वैशाली रत्नपारखी, योगेश मिश्रा, नीरज ठाकुर, कमल सिंह, अनिल वस्त्रकर सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संस्कृति और श्रद्धा का संगम बनेगा पाली महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर पाली महोत्सव 2026 का आयोजन 15 एवं 16 फरवरी को ग्राम पंचायत केराझरिया स्थित पाली महोत्सव मैदान में किया जाएगा। जिला प्रशासन ने आयोजन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। दो दिवसीय यह महोत्सव धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक विरासत और आधुनिक संगीत का भव्य संगम प्रस्तुत करेगा। 15 फरवरी को शाम 7 बजे पाली शिव मंदिर घाट में शिव आरती और दीपोत्सव का आयोजन होगा। पाली महोत्सव 2026 के शुभारंभ समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के उप मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नगरीय प्रशासन एवं विकास, खेल व युवा कल्याण मंत्री अरुण साव शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वाणिज्य, श्रम, उद्योग, आबकारी एवं सार्वजनिक उपक्रम मंत्री लखन लाल देवांगन करेंगे। समारोह में सांसद कोरबा श्रीमती ज्योत्सना चरण दास महंत, विधायक कटघोरा प्रेमचंद पटेल, विधायक पाली-तानाखार तुलेश्वर हीरा सिंह मरकाम, विधायक रामपुर फूलसिंह राठिया, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार सिंह, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती निकिता मुकेश जायसवाल, नगर पंचायत पाली के अध्यक्ष अजय जायसवाल तथा ग्राम पंचायत केराझरिया की सरपंच श्रीमती गिरजा सत्यनारायण पैंकरा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

#### कलेक्टर और एसपी ने किया निरीक्षण



दो दिवसीय पाली महोत्सव के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। महोत्सव को सुव्यवस्थित, सुरक्षित और भव्य रूप से संपन्न कराने हेतु व्यापक एवं समन्वित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। इसी क्रम में कलेक्टर कुणाल दुदावत और पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने पाली के केराझरिया स्थित आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मंच निर्माण, दर्शक दीर्घा, बैठक व्यवस्था, व्हीआईपी बैठक, विभागीय स्टॉल, पार्किंग एवं बेरिकेडिंग की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के लिए मंच पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल पर पर्याप्त लाइटिंग की व्यवस्था, आपातकालीन स्थिति से निबटने के लिए स्वास्थ्य, पीडब्ल्यूडी विभाग की टीम को मुस्तैद रहने हेतु निर्देशित किया साथ ही पेयजल, शौचालय, कलाकारों के ठहरने की व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

### उन्नत पशु पालकों को किया गया प्रोत्साहित

**कोरबा।** विभागीय गतिविधियों के प्रचार प्रसार एवं पशुपालकों को पशु पालन की ओर रुझान बढ़ाने के उद्देश्य से शनिवार को ग्ा्रम सलियांभाठा कोरबा में जिला स्तरीय पशु मेला प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के उन्नत नस्ल के पशु पक्षियों का उत्कृष्ट प्रदर्शनी आयोजित हुई। कार्यक्रम में पशुपालकों ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में सौ से अधिक पशुपालको द्वारा अपने पशु पक्षियों का प्रदर्शन किया गया।

# रेलवे परिसर एवं पटरियों के आसपास मवेशी लाने पर होगी कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रेलवे प्रशासन द्वारा सुरक्षित एवं समयबद्ध रेल परिचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बिलासपुर मंडल के अंतर्गत रेलवे स्टेशनों एवं रेलवे लाइनों के आसपास मवेशियों की आवाजाही रोकने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। रेलवे नियमों के अनुसार रेलवे स्टेशन परिसर, रेलवे ट्रैक एवं उसके आसपास मवेशियों को लाना अथवा खुला छोड़ने से मवेशी रेलवे ट्रैक पर आ जाने के कारण रेलगाडी से टकराने के कारण होने वाली दुर्घटना से यात्रियों की सुरक्षा में संकट उत्पन्न होता है जो अपराध की श्रेणी में आता है। इससे ट्रेनों के सुरक्षित संचालन, समयपालन तथा यात्रियों की सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए मंडल द्वारा प्रभावित स्थानों पर पशुपालकों, चरवाहों तथा मवेशियों के मालिकों को समझाईश दी गई है इसके बाद भी उनके द्वारा लापरवाही बरतने पर उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। रेलवे प्रशासन सभी मवेशी मालिकों से अपील करता है कि वे अपने मवेशियों को रेलवे स्टेशन एवं रेलवे लाइनों के आसपास न आने दें।

### महापौर मानिकपुर डीपरापारा बस्ती के सीसी रोड निर्माण कार्य का किया औचक निरीक्षण

# समय पर हो निर्माण कार्य, गुणवत्ताहीनता पर होगी कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निर्माण कार्यों के निर्धारित शेड्यूल के अनुरूप ही कार्य किए जाएं तथा गुणवत्ता पर विशेष ध्यान अनिवार्य रूप से दिया जाए, अन्यथा कार्य की गुणवत्ता के प्रति उदासीनता दिखाने या शेड्यूल के अनुसार कार्य न पाये जाने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। विकास व निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का होना आवश्यक है, ताकि दीर्घ समय तक विकास कार्य का लाभ आमजन को प्राप्त हो सके।


निरीक्षण करती महापौर एवं अन्य।

उक्त बातें महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने मानिकपुर डीपरापारा बस्ती में निर्माण कार्य निरीक्षण के दौरान निर्माण एजेंसी व अभियंताओं को सख्त निर्देश देते हुए कहा। उन्होंने वार्ड क्र. 31 मानिकपुर की डीपरापारा बस्ती में पहुंचकर वहाँ निगम द्वारा कराये जा रहे सीसी सड़क निर्माण कार्य का आकस्मिक निरीक्षण किया। महापौर ने मानिकपुर बस्ती में पुरानी व जीर्ण-शीर्ण नाली का सघन अवलोकन करते हुए नाली की मरम्मत किए जाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। उन्होंने मानिकपुर पोखरी पहुंचकर स्थल का निरीक्षण किया तथा आसपास साफ-सफाई कराए जाने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान उन्होंने बस्ती में पेयजल व्यवस्था, स्ट्रीट लाईट, सड़क, नाली सहित अन्य व्यवस्थाओं की विस्तार से जानकारी ली।

जाँजगीर मार्केट
आदित्य प्लाई, हार्डवेयर, फर्नीचर
मो. 6260115021
प्लाई, सनमाइका, फेवीकोल, सेंट्रींग प्लाई, वॉल पेपर, मंदिर दरवाजे, खिड़की, चौखट, तखत, टेबल, सोफा सेट, दीवान पलंग, सेंट्रींग फर्मा, गद्दे, तकीये एवं शादी विवाह के संपूर्ण समान थोक एवं चिल्हर
एक छत के नीचे कम दाम पर प्राप्त करें।
संबंधित प्रतिष्ठान: सिंघानिया लकड़ी लघु उद्योग
सभी प्रकार की ईमारती लकड़ी एवं सेंट्रिंग की लकड़ी कम दर पर प्राप्त करें।
लिंक रोड, नेताजी चौक, बैंक ऑफ बड़ौदा के पास जांजगीर मो.9302362173


DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# अल्फा के सेट पर आलिया और बॉबी के बीच खटपट

**मुंबई।** यश राज फिल्म्स स्पाई यूनिवर्स की अपकमिंग फिल्म 'अल्फा' की शूटिंग जारी है। पहले ये 2025 में क्रिसमस के मौके पर रिलीज होने वाली थी लेकिन फिर इसे पोस्टपोन कर दिया गया था। फिलहाल इसके सेट पर आलिया भट्ट और बॉबी देओल के बीच खटपट हो गई है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इनके बीच एक सीन को लेकर बहस हुई है। जिसके बाद आदित्य चोपड़ा को सुलह कराने के लिए आना पड़ा। एक रिपोर्ट के अनुसार आलिया भट्ट और बॉबी देओल के बीच सेट पर टेंशन पैदा हो गई है। बताया जा रहा है कि एक्ट्रेस एक सीन में कुछ क्रिएटिव एडवाइस दे रही थीं।

## लाइफ Style



तृप्ति

# ओ रोमियो पर सेंसर बोर्ड ने चलाई कैंची

एजेंसी ▸▸ मुंबई

शाहिद कपूर, तृप्ति डिमरी, अविनाश तिवारी स्टारर और विशाल भारद्वाज की डायरेक्टेड 'ओ रोमियो' शुक्रवार, 13 फरवरी को रिलीज हो गई है। इसने बड़े पर्दे पर आने से पहले ही एडवांस बुकिंग के जरिए 3 करोड़ रुपए से ज्यादा का कलेक्शन कर लिया है।

इसको सेंसर बोर्ड के पास भी भेजा गया था, जहां पर इसे 'ए' सर्टिफिकेट दिया गया था। साथ ही इस पर कई कट्स भी लगाए गए। कुछ शब्दों को दूसरे शब्दों से बदला भी गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, 'ओ रोमियो' के डायलॉग्स में बदलाव करने के लिए कहा गया था। जिसमें 'आइटम' को 'कुमारी' से रिप्लेस किया गया है और एक सीन में एक शब्द को म्यूट कर दिया गया। इसके अलावा, कुछ 'अभद्र' शब्दों को भी डिलीट कर दिया गया है। साथ ही इंटीमेट और रोमांटक सीन्स में कोई कट नहीं लगाए गए हैं। हालांकि, कुछ हिंसक सीन्स पर कैंची चली है। रिपोर्ट के मुताबिक, गला काटने वाले क्लोजअप शॉट को 3 सेकेंड छोटा किया गया है। और बाकी के दो शॉट्स में भी 2 सेकेंड कम किया गया है, जिसमें से एक में 'खून से लथपथ सिर पटकने' और दूसरे में एक महिला के मुंह पर खून के छींटे पड़ने का सीन दिखाया गया था। इतना ही नहीं, महिला को थप्पड़ मारने वाले सीन को भी 2 सेकेंड तक घटाया गया है। मूवी में तंबाकू और धूम्रपान विरोधी सीन्स पर टिकर भी जोड़े गए हैं। और सबके डिस्क्लेमर की लंबाई, उसके वॉइसओवर के साथ बढ़ाई गई है। जिससे फिल्म 1 मिनट 57 सेकेंड लंबी हो गई है।

## हॉलीवुड मसाला



# एफ 1 के सीक्वल पर कर रहे हैं काम

**लॉस एंजिल्स।** भारत में हॉलीवुड फिल्मों का भी अच्छा-खासा बाजार है। पिछले साल हॉलीवुड के नामी एक्टर टॉम क्रूज की फिल्म 'मिशन इंपॉसिबल 8' और ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ 1' रिलीज हुई। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ 1' ने पिछले साल अच्छा-खासा कलेक्शन किया था। अब दुनिया भर के दर्शकों के अलावा भारतीय दर्शकों को इस फिल्म के सीक्वल का इंतजार है। हाल ही में इस बारे में एक नया अपडेट सामने आया है। हाल ही में फिल्म एफ 1 के प्रोड्यूसर जैरी ब्रुकहाइमर ने कहा, 'हम एक सीक्वल पर काम कर रहे हैं।



# स्पाई-थ्रिलर सीरीज सिटाडेल का दूसरा सीजन बन रहा

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा इन दिनों एसएस राजामौली की आगामी फिल्म 'वाराणसी' को लेकर चर्चाओं में हैं। हालांकि, फिल्म की रिलीज में अभी एक साल से भी ज्यादा का समय है। इस बीच अब प्रियंका ने अपने हॉलीवुड शो 'सिटाडेल' के दूसरे सीजन को लेकर बड़ी अपडेट साझा की है। साथ ही उन्होंने शो के भविष्य को लेकर भी बात की है। प्रियंका चोपड़ा ने ये कंफर्म किया कि उनकी स्पाई-थ्रिलर सीरीज 'सिटाडेल' का दूसरा सीजन बन रहा है। एक्ट्रेस ने कहा कि सीजन 2 तो पक्का आएगा, लेकिन बाकी का क्या? मुझे कोई अंदाजा नहीं है। सच कहूं तो मैं पूछती भी नहीं। मैं काम पर जाती हूं, अपना काम करती हूं और चली जाती हूं। इस दौरान प्रियंका ने बताया कि कैसे रूसो ब्रदर्स ने उनसे इस सीरीज के लिए संपर्क किया था।



# रागिनी 3 में लीड रोल में आएंगी नजर

**मुंबई।** बालाजी मोशन पिक्चर्स ने हाल ही में फिल्म 'रागिनी 3' का ऐलान किया है। इस हॉरर फिल्म में तमन्ना भाटिया लीड रोल में नजर आएंगी। 'रागिनी 3' में उनके साथ एक नामी बॉलीवुड स्टार का बेटा नजर आएगा। फिल्म 'रागिनी 3' को शशांक घोष डायरेक्टेड करेंगे। फिल्म की स्टार कास्ट को लेकर मेकर्स ने जानकारी साझा की है। रागिनी 3 में जुनैद खान तमन्ना भाटिया के साथ नजर आएंगे। आमिर खान के बेटे जुनैद ने इससे पहले लवयापा जैसी रोमांटिक फिल्म की थी। अब वह हॉरर फिल्म का हिस्सा बन रहे हैं। इसमें तमन्ना और वह दमदार किरदारों में नजर आएंगे। रागिनी सीरीज की फिल्मों में रोमांस, धोखा और हॉरर का डोज दर्शकों को दिया जाता है, ऐसा ही कुछ तीसरी कड़ी में भी देखने को मिलेगा।




# शतक के ट्रेलर ने दर्शकों का दहलाया दिल

**नई दिल्ली।** फिल्म 'शतकः संघ के 100 वर्ष' का दमदार ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसमें अजय देवगन की असरदार आवाज ने आरएसएस की एक शताब्दी लंबी जर्नी को जीवंत किया है। आशीष मल्ल के निर्देशन में बनी फिल्म 20 फरवरी को सिनेमाघरों में आएगी। फिल्म सिर्फ एक ऐतिहासिक दस्तावेज नहीं, बल्कि स्वयंसेवकों के त्याग, अनुशासन और राष्ट्र-निर्माण में उनके कंट्रीब्यूशन की गाथा है। गुरुजी एमएस गोलवलकर के आइडिया और ऑफिशियल डॉक्युमेंट पर आधारित यह कहानी संघ से जुड़ी गलतफहमियों को दूर करने और उन अनछुए पहलुओं को सामने लाने की कोशिश करती है, जिन्हें अक्सर मैनस्ट्रीम में कम जगह मिली है। ट्रेलर लोगों के रोंगटे खड़े कर रहा है।

## टीवी मसाला

# वैलेंटाइन डे : टीवी स्टार्स ने बताया प्यार का असली मतलब

**नई दिल्ली।** इस वैलेंटाइन डे पर, टीवी के कलाकार सुम्बुल तौकीर खान, नितिन बाबू, अक्षया हिंदालकर, ऋषि सक्सेना और दीक्षा जोशी अपने विचार साझा कर रहे हैं, हमें याद दिलाते हुए कि प्यार अक्सर उन सरल अनुभवों और पलों में मिलता है जो वास्तव में मायने रखते हैं।

### अपनी जर्नी को महत्व देने से होती है प्यार की शुरुआत : सुम्बुल तौकीर



सुम्बुल तौकीर खान ने बताया, 'मेरे लिए वैलेंटाइन डे बड़े-बड़े इशारों या सिर्फ रोमांटिक प्यार के बारे में नहीं है, बल्कि यह भावनात्मक ईमानदारी और सचमुच समझे जाने की भावना के बारे में है। प्यार उन लोगों में मिलता है जो आपके सबसे कठिन समय में आपके साथ खड़े रहते हैं, जो आपकी छोटी-छोटी जीत का जश्न मनाते हैं और जो आपको बिल्कुल वैसे ही स्वीकार करते हैं जैसे आप हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'मैंने सीखा है कि प्यार की शुरुआत खुद के प्रति दयालु होने और अपनी जर्नी को महत्व देने से होती है। जब आप ऐसा करते हैं, तो हर रिश्ता चाहे परिवार, दोस्त या साथी के साथ हो और भी सार्थक बन जाता है। इस वैलेंटाइन डे पर, मैं अपने चारों ओर मौजूद हर रूप के प्यार के लिए आभार चुन रही हूं।'

### नितिन ने शेयर की अपनी फीलिंग्स



नितिन बाबू ने शेयर किया, 'प्यार हमेशा नाटकीय या परफेक्ट तस्वीर जैसा नहीं होना चाहिए। कभी-कभी यह उतना ही सरल होता है जितना किसी के लिए मौजूद रहना, बिना किसी डिसिजन के सुनना और उतार-चढ़ाव में एक-दूसरे का साथ देना।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं मानता हूं कि वैलेंटाइन डे उन लोगों के प्रति आभार व्यक्त करने की एक खूबसूरत याद दिलाता है जो आपके जीवन को बेहतर बनाते हैं, चाहे वह सबसे छोटे तरीकों से ही क्यों न हो। चाहे परिवार हो, दोस्त हों या कोई खास व्यक्ति, प्यार निरंतरता, विश्वास और सच्ची देखभाल के बारे में है।

### प्यार हर दिन व्यक्त किया जाना चाहिए : ऋषि



इत्ती सी खुशी में संजय का रोल निभा रहे ऋषि सक्सेना ने साझा किया 'मेरे लिए प्यार सबसे शक्तिशाली भावनाओं में से एक है। यह आपको धैर्य, सहानुभूति और संतुलन सिखाता है। वैलेंटाइन डे हमें उस भावना का जश्न मनाने का एक कारण देता है, लेकिन मैं मानता हूं कि प्यार हर दिन व्यक्त किया जाना चाहिए, सिर्फ एक अवसर पर नहीं।' उन्होंने आगे कहा, 'सच्चा प्यार साथ में बढ़ने, एक-दूसरे के सपनों का समर्थन करने और साझा खामोशियों में सुकून पाने के बारे में है। यह खुद से इतना प्यार करने के बारे में भी है कि आप अपनी कीमत जान सकें. यही वह चीज है जिस पर मैं सचमुच विश्वास करता हूं और जिसे जीने की कोशिश करता हूं।'

# वैलेंटाइन वीकएंड पर दर्शकों को मिलेगा मनोरंजन का जबर डोज



**नई दिल्ली।** शुक्रवार 13 फरवरी को सिनेमाघरों में शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी की फिल्म 'ओ रोमियो' रिलीज हो गई है। वीकएंड भी और वीकएंड पर ही वैलेंटाइन भी है। ऐसे में पार्टनर के साथ थिएटर का रुख करने का शानदार मौका हो सकता है। मगर, आपको घर बैठे ओटीटी पर ही बढ़िया सिनेमा देखना है तो, इस वीकएंड डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी काफी कुछ खास है।

**अमर विश्वास :** एक्टर राजीव खंडेलवाल अपनी नई सीरीज को लेकर सुर्खियों में हैं। उनकी कोर्टरूम ड्रामा सीरीज 'अमर विश्वास' ओटीटी पर 11 फरवरी को रिलीज हुई। इसमें वे वकील की भूमिका में हैं। यह सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन एमएक्स प्लेयर पर उपलब्ध है। इसमें आमिर अली, बरखा बिष्ट और रवि बहल जैसे सितारे भी हैं।

**कोहरा सीजन 2:** वेब सीरीज 'कोहरा' को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। अब इसका दूसरा सीजन भी रिलीज हो चुका है, जिसे आप इस वीकएंड देख सकते हैं। बरुण सोबती और मोना सिंह अभिनीत यह सीरीज 11 फरवरी को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई। मोना सिंह इस सीरीज में एक सख्त पंजाबी पुलिस अधिकारी के रूप में नजर आई हैं।

**माना शंकरा वर प्रसाद गारू**

अगर आपकी साउथ फिल्मों में दिलचस्पी है तो इस वीकएंड चिरंजीवी की यह फिल्म देख सकते हैं।

### थलाइवर थंबी थलाइमायिल

इस वीक ओटीटी पर साउथ फिल्मों का बोलबाला है। तमिल फिल्म 'थलाइवर थंबी थलाइमायिल' इस वीक की लिस्ट में शामिल है। नितीश सहदेव द्वारा निर्देशित यह पॉलिटिकल सटायर फिल्म 11 जनवरी को सिनेमाघरो में रिलीज हुई थी। फिल्म में जीवा, थम्बी रमैया और इलावरसु जैसे सितारे हैं। गुरुवार 12 फरवरी को यह नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। इस वीकएंड आप इसे अपनी वॉच लिस्ट में रख सकते हैं।

# ये हैं परदे पर राज करने वाले सदाबहार रोमांटिक हीरो

**नई दिल्ली।** फिल्मों में हीरो की भूमिका दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ती है। कुछ सितारे अपने एक्शन के लिए लोकप्रिय हुए, कुछ ने कॉमेडी के जरिए दिलों में जगह बनाई। वहीं, इंडस्ट्री में कुछ दिग्गजों का नाम इसलिए भी लिया जाता रहेगा, क्योंकि उन्होंने परदे पर अपने किरदार के जरिए मोहब्बत का पैगाम दिया और बन गए रोमांटिक हीरो। उनकी यह इमेज सिर्फ एक या दो फिल्मों तक नहीं रही, बल्कि वे सदाबहार रहे। दौर कोई भी आया, जब-जब सिनेमा में रोमांस और रोमांटिक हीरो की बात हुई, इनका जिक्र सहज ही कि या गया।



**देव आनंदः** देव आनंद का नाम आते ही रोमांस, दिलकश अंदाज और आकर्षक छवि सामने आ जाती है। बड़े पर्दे पर वह कई फिल्मों में रोमांटिक किरदार निभा चुके हैं। करियर के पीक पर देव आनंद की महिला प्रशंसक काफी ज्यादा हुआ करती थीं।

**ऋषि कपूरः** भारतीय सिनेमा के रोमांटिक अभिनेताओं में ऋषि कपूर का नाम भी शामिल है। अपनी पहले ही फिल्म 'बॉबी' से उन्होंने धमाल मचा दिया था। 'चांदनी' और 'बोल राधा बोल' जैसी फिल्मों में उन्होंने अपनी नटखट और आकर्षक भूमिका से रोमांस की दुनिया में अपना एक विशेष स्थान बनाया। उनकी मुस्कान और मासूमियत दर्शकों को दिलों में आज भी बसी हुई है।

**दिलीप कुमारः** दिलीप कुमार हिंदी सिनेमा के बड़े सुपरस्टार थे। पर्दे पर वह भी रोमांटिक अंदाज दिखा चुके हैं। 'मुगल-ए-आजम' और 'नया दौर' जैसी फिल्मों में उनकी अदाकारी ने उन्हें रोमांटिक हीरो की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया। उनके अभिनय को आज भी याद किया जाता है।

**राज कपूरः** राज कपूर अपनी रोमांटिक किरदारों की वजह से खूब मशहूर हुए। उनकी फिल्में 'आवारा' और 'श्री 420' में रोमांस और सामाजिक संदेशों का बेहतरीन मिश्रण देखने को मिला। वह अपने समय के सबसे बड़े रोमांटिक नायक थे, जिनकी फिल्मों में प्यार के अलावा जीवन के गहरे मायने भी नजर आते थे।

**राजेश खन्नाः** राजेश खन्ना के बिना ये सूची अधूरी है। अपने रोमांटिक अंदाज से उन्होंने लोगों के दिलों में खास जगह बनाई। बड़ी संख्या महिलाएं उन्हें पसंद करती थीं। 'अराधना' और 'सच्चा झूठा' समेत दर्जनों फिल्मों में वह अपने रोमांस का जादू बड़े पर्दे पर चलाते नजर आए।

**शाहरुख खानः** शाहरुख खान को रोमांटिक फिल्मों का 'किंग' कहा जाता है। 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' और 'कुछ कुछ होता है' जैसी फिल्मों में उनकी रोमांटिक भूमिकाएं देश ही नहीं बल्कि विदेश में भी लोकप्रिय बना दिया। उनके अभिनय में जो सहजता और प्यार की भावना दिखती है, वह उन्हें आज भी दर्शकों का पसंदीदा बनाती है।

## दर पर आया दीवाना , लैला-मजनू का रूहानी इश्क, हीर-रांझा की पाक मोहब्बत


# वो अमर प्रेम कहानियां जो दर्शकों की आंखों को कर गईं नम

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा ने जब फलना-फूलना शुरू किया तो बड़े पर्दे पर मोहब्बत की कहानियों को सबसे ज्यादा बयां किया। मजनू ने कैसे लैला के इश्क में जान दी? हीर और रांझा का प्यार क्यों मुकम्मल नहीं हुआ? इस दर्द को हिंदी सिनेमा ने वक्त-वक्त पर बखूबी दिखाया। वैलेंटाइन-डे के मौके पर जानिए, ऐसी ही कुछ चर्चित फिल्मों के बारे में जिनमें अमर प्रेम कहानियां दर्शकों की आंखों को नम कर गईं।

**सोहनी ने चेनाब किनारे पुकारा महिवाल का नामः** साल 1933 और 1946 में दो हिंदी फिल्में बनीं लेकिन साल 1958 में रिलीज हुई 'सोहनी महिवाल' सबसे चर्चित रही। इसमें भारत भूषण और निम्मी ने मुख्य भूमिका कीं। वहीं साल 1984 में सनी देओल और पूनम ढिल्लों अभिनीत फिल्म 'सोहनी महिवाल' को भी खूब प्यार मिला। सनी देओल स्टारर फिल्म के कई गानों में सोहनी और महिवाल के रूहानी इश्क की दांस्तां को बयां किया गया। फिल्म का एक गाना 'लोगों ने सर पे लगाए हैं हजारों इल्जाम आजा, सोहनी चेनाब दे किनारे से पुकारे तेरा नाम आजा।' यह गाना सोहनी और महिवाल की मजबूरी और इश्क में कुछ भी कर गुजरने की चाहत को बखूबी जता देता है।

### मजनू की मोहब्बत में सजा पाने को हाजिर हुआ लैला का इश्क

हुस्न हाजिर है मोहब्बत में सजा पाने को'जब यह गाना ऋषि कपूर और रंजीता कौर अभिनीत फिल्म 'लैला मजनू(1976)' में सुनाई देता है, तब इस गाने को सुनकर दर्शकों के जेहन में 11वीं सदी की अरब देश की अधूरी प्रेम कहानी की यादें ताजा हो जाती हैं। इसी नाम से साल 1953 में नूतन और शम्मी कपूर ने भी एक फिल्म की। वहीं, साल 2018 में इम्तियाज अली की लिखी कहानी पर बनी 'लैला मजनू' भी एक कल्ट मूवी बन चुकी है। इन सभी फिल्मों में लैला से मिलने की चाहत लिए भटकता मजनू आखिरी में मौत के आगोश में सो जाता है।




### जूलियट की मोहब्बत में कुर्बान हुआ रोमियो

मशहूर ब्रिटिश राइटर शेक्सपियर ने कई बड़े नॉवेल लिखे। लेकिन 'रोमियो और जूलियट'उनका सबसे फेमस नॉवेल है। इस पर कई फिल्में हॉलीवुड में बनी हैं। वहीं, बॉलीवुड की कई फिल्में इस नॉवेल से इंस्पायर रहीं। इसमें साल 2013 की राम लीला भी है, रणवीर और दीपिका की इस फिल्म का दर्दनाक अंत होता है। राम लीला मौत के बाद ही मिल पाते हैं ,क्योंकि समाज और परिवार की दीवारें उन्हें इस जहान में मिलने नहीं देती हैं।

### रांझा रांझा करते-करते हीर दीवानी हुई

साल 1970 में चेतन आनंद निर्देशित फिल्म 'हीर रांझा'में राज कुमार और प्रिया राजवंश पर यह प्रेम कहानी फिल्माई गई। फिल्म में हीर से दूर होकर रांझा का दिल दर्द से भर उठता है। इस दर्द को एक गाने 'ये दुनिया ये महफिल मेरे काम की नहीं' में बखूबी बयां किया जाता है। इसी तरह हीर भी अपना दुख बयां करती है, जिस पर फिल्म में गीत है, 'दो दिल टूटे दो दिल हारे दुनिया वालों सदके तुम्हारे।' यह फिल्म, गीत आज भी दर्शकों की जुबान पर हैं और हीर-रांझा का प्यार भी प्रेमियों के मन में जिंदा है।

### साहिबान की मोहब्बत में टूटा मिर्जा का दिल

हीर और रांझा, सोनी महिवाल की तरह ही साहिबान और मिर्जा की कहानी भी पंजाब में 16वी शताब्दी में पनपी थी। साहिबान को मिर्जा से बेइंतहा मोहब्बत थी वह कभी उससे बेवफाई नहीं कर सकती थी, लेकिन वक्त आने पर वफा भी नहीं कर पाई। उसने मिर्जा के तीर तोड़ दिए, जिससे वह उसके भाइयों को ना मारे। लेकिन, साहिबान के भाइयों ने मिर्जा को मौत के घाट उतार दिया। यह देखकर साहिबान ने भी मौत को चुन लिया और अपने मिर्जा के साथ ही दुनिया से रूखसत हो गई। इसी कहानी को साल 2016 में फिल्म 'मिर्जिया'में नए जमाने के हिसाब से दिखाया गया, फिल्म को ओमप्रकाश मेहरा ने निर्देशित किया था। इसी तरह एक पंजाबी फिल्म 2012 में भी इसी प्रेम कहानी पर बनी, जिसमें ग्रिप्पी ग्रेवाल मिर्जा के रोल में दिखे।

**खबर संक्षेप**

## मातृ-पितृ दिवस पर पूर्व माध्यमिक शाला में नेवता भोजन का आयोजन



**अकलतरा।** मातृ-पितृ दिवस के अवसर पर पूर्व माध्यमिक शाला अमोरा सागरपारा में सेवानिवृत्त शिक्षिका गीता सावलानी द्वारा विद्यार्थियों के लिए नेवता भोजन का आयोजन किया गया।इस अवसर पर गीता सावलानी ने कहा कि शिक्षक का कार्य केवल पढ़ाना नहीं बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और उज्ज्वल भविष्य के लिए समर्पित रहना होता है, चाहे वह सेवाकाल में हों या सेवानिवृत्ति के बाद। उन्होंने बच्चों को मिठाई, फल एवं विशेष व्यंजन वितरित कर अपना जन्मदिन भी उनके साथ मनाया।शाला के प्रधान पाठक जयंत सिंह क्षत्री ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार बच्चों में विद्यालय के प्रति आकर्षण बढ़ाने हेतु समय-समय पर नेवता भोजन कराया जाता है, जिसमें समाज के लोग सहयोग करते हैं।कार्यक्रम में शिक्षिका रमा प्रधान,गोपी सावलानी शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, स्व सहायता समूह, रसोइया तथा गीता सावनानी के परिजन उपस्थित रहे।

## भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष बने सभापति राजकुमार

**जांजगीर चांपा।** भारतीय जनता पार्टी, प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश महामंत्री संगठन पवन



साय के मार्गदर्शन में पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष अशोक साहू के निर्देशानुसार एवं भाजपा जिलाध्यक्ष अम्बेश जांगड़े के सहमति से पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष नरेन्द्र कौशिक ने जिला पंचायत के कृषि स्थाई समिति के सभापति राजकुमार साहू को पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष बनाए है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो जवाबदारी दी है उसको पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निर्वहन करूंगा।

## महाशिवरात्रि पर आज होगी हनुमान जी की विशेष पूजा अर्चना

**जांजगीर चांपा।** महाशिवरात्रि के अवसर पर श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर पुलिस कन्ट्रोल रुम के सामने जांजगीर में रविवार को कालों के काल



भगवान भोलेनाथ के ग्यारहवें रुद्र के अवतारी राम भक्त हनुमान को दोपहर 12 बजे खीर भोग अर्पण कर सायंकाल 4 बजे से खीर प्रसाद वितरण किया जाएगा। 6:30 बजे हनुमान जी का सिंदुराभिषेक, 7 बजे आतिशबाजी के साथ महाआरती की जावेगी। रात्रि 8 बजे से राम चरित मानस गायन किया जाएगा।

## एम.डी. मेडिसिन में डॉ. रजत कुमार साहू का चयन

**जांजगीर-चांपा।** पढ़ाई के क्षेत्र में शुरू से मेघावी छात्र रहे डॉ.रजत कुमार साहू का चयन



एम. डी. मेडिसिन सर्वोदय हॉस्पिटल नोएडा दिल्ली के लिए हुआ है। वर्तमान में ये अपनी सेवाएं शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ में दे रहे थे। चिकित्सा क्षेत्र में कठिन मेहनत करके इन्होंने यह मुकाम हासिल की है। इन्होंने प्रथम प्रयास पर ही शासकीय मेडिकल कॉलेज में एम. बी. बी. एस. के लिए चयनित हुए थे। वहीं प्रथम प्रयास में एम. डी. मेडिसिन के लिए चयनित हुए है, जो नगर व साहू समाज के लिए गौरव की बात है। ये शिक्षक दंपत्ति श्रीमती चमेली साहू व डॉ.बोधीराम साहू के सुपुत्र है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरुजन को दिया हैं ।

## निधन

### एच.आर. राठौर

**जांजगीर-चांपा।** पुराना चंदनियापारा जांजगीर निवासी सेवानिवृत्त प्रधान पाठक एच.आर. राठौर का



शनिवार 14 फरवरी को निधन हो गया। 86 वर्षीय श्री राठौर अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र व पुत्री के साथ भरा-पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में हुआ। मुखाग्नि उनके सुपुत्र खगेन्द्र राठौर ने दी। उनकी अंत्येष्टि में परिजन एवं नगरवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### जीतेन्द्र कश्यप

**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय के समीपस्थ



ग्राम पेण्ड्री के प्रतिष्ठित नागरिक जीतेन्द्र कश्यप का बुधवार 11 फरवरी को निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनके अंतिम यत्रा में परिजन, स्वजातीय बंधु समेत गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### आईजी ने ली पुलिस अधिकारियों की समीक्षा बैठक, दिए निर्देश

# लंबित प्रकरणों का समय पर निराकरण करें

हरिभूमि न्यूज : जांजगीर-चांपा



बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते आईजी रामगोपाल गर्ग।

पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रामगोपाल गर्ग ने जिले के पुलिस अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में पुलिस अधीक्षक सहित समस्त राजपत्रित अधिकारी, थाना एवं चौकी प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने चोरी, लूट सहित अन्य मामलों पर चर्चा करते हुए फरार एवं स्थायी वारंटियों की प्राथमिकता के आधार पर पतासाजी कर शीघ्र गिरफ्तारी करने निर्देश दिए। साथ ही पुराने लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण करते हुए आरोपियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई करने कहा।

शनिवार 14 फरवरी को पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज रामगोपाल गर्ग द्वारा जिला के पुलिस अधिकारियों का समीक्षा बैठक पुलिस कार्यालय के सभा कक्ष में लिया गया। बैठक के दौरान आईजी श्री गर्ग ने जिले की कानून- व्यवस्था की स्थिति का समग्र मूल्यांकन किया गया। विगत अवधि में दर्ज अपराधों, गंभीर एवं संवेदनशील प्रकरणों, लंबित अपराधों की विवेचना की प्रगति तथा चालानी कार्यवाही की समीक्षा की गई। विशेष रूप से चोरी, लूट, नकबजनी, मारपीट, महिला एवं बाल अपराध, साइबर अपराध तथा अवैध शराब/नशे के कारोबार से संबंधित मामलों पर विस्तार से चर्चा की गई। पुलिस महानिरीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि फरार एवं स्थायी वारंटियों की प्राथमिकता के आधार पर पतासाजी कर शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। पुराने लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण करते हुए आरोपियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाए। अपराध नियंत्रण हेतु रात्रि गश्त बढ़ाने, संदिग्ध व्यक्तियों की नियमित चेकिंग, हॉटस्पॉट क्षेत्रों में विशेष निगरानी एवं बीट प्रणाली को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त सामुदायिक पुलिसिंग को बढ़ावा देने, आमजन से बेहतर समन्वय स्थापित करने, शिकायतों का त्वरित निराकरण करने तथा सोशल मीडिया के माध्यम से फैलने वाली भ्रामक सूचनाओं पर सतर्क दृष्टि रखने हेतु भी आवश्यक दिशा- निर्देश प्रदान किए गए। बैठक के अंत में पुलिस महानिरीक्षक ने सभी अधिकारियों को अनुशासन, पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करने, शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप अपराध नियंत्रण एवं कानून- व्यवस्था बनाए रखने हेतु प्रभावी एवं परिणामोन्मुखी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उपरोक्त बैठक में बैठक में पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय, एसडीओपी चांपा यदुमनी सिदार, डीएसपी मुख्यालय विजय पैकरा, एसडीओपी अकलतरा प्रदीप कुमार सोरी, सीएसपी जांजगीर योगिताबाली खापर्डे, डीएसपी अजाक सतरूपा तारम एवं थाना प्रभारीगण भी उपस्थित रहे।

# महाशिवरात्रि पर शिव मंदिरों में आज गूजेंगा हर-हर महादेव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा




जिला मुख्यालय जांजगीर सहित पूरे जिले भर में रविवार 15 फरवरी को महाशिवरात्रि का पर्व उत्साह और उमंग के साथ मनाया जायेगा। शिवरात्रि के दिन सुबह से ही लोगों की शिव मंदिरों में अपार भीड़ उमड़ेंगी।

जिला मुख्यालय के सेंधवार स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर के आलवा जिलेभर के शिव मंदिरों में अल सुबह ही कांवड़ियों द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान शिव को जलाभिषेक करेंगे। इसके आलवा लक्ष्मणेश्वर महादेव, नवागढ़ के लिंगेश्वर महादेव, तुरीधाम, परसाही से परसनाथ सहित जिले भर के शिव मंदिरों में भक्तों ने पहुंचकर भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना किया जायेगा। सुबह से शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ देखी जायेगी। मंदिरों में भक्तों ने हर-हर महादेव के उद्घोष किए, जो वातावरण में गूंजता रहेगा। जिला मुख्यालय के ग्राम पीथमपुर, लक्ष्मणेश्वर धाम खरौद एवं लिंगेश्वर धाम नवागढ़ में भीड़ अधिक होने के चलते प्रशासन की ओर से भी यहां पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी ताकि वहां पर किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना न हो। महाशिवरात्रि बुधवार को पूरे जिले में आस्था पूर्वक मनाई जायेगी। मंदिर परिसरो में जगह-जगह प्रसाद वितरण भी किया जायेगी। प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों सहित सभी मंदिरों पर पूजा-अर्चना के लिए दिनभर भक्तों की भीड़ रहेगी।

## लक्ष्मणेश्वर धाम में दर्शन के लिए दूर-दूर से पहुंचेंगे श्रद्धालु



**खरौद।** छत्तीसगढ़ में कांशी के नाम से विख्यात लक्ष्मणेश्वर महादेव के मंदिर में महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। भक्त अपनी मनोकामना को लेकर पूजा करने दूर दूर से यहां आते हैं। छठवीं शताब्दी से बने खरौद में स्थित प्राचीन शिव मंदिर में शिवरात्रि पर शिव की विशेष पूजा होगी। मंदिरों को फूलों से सजाया गया है। श्रद्धालुओं ने बताया परंपरा अनुसार श्रद्धालु रात्रि से ही कुंड में स्नान करके भगवान भोले शंकरमें जल चढ़ाते हैं, जिससे उनकी मनोकामना पूरी होती है।

## परसाही नाला में महाशिवरात्रि पर भव्य महाआरती व भजन संध्या का आयोजन

**अकलतरा।** देवाधिदेव महादेव की आराधना के महापर्व महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर 15 फरवरी दिन रविवार को परसाही नाला स्थित पारसनाथ परिसर में भव्य महाआरती एवं भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि शाम 5:30 बजे भजन संध्या से होगी, जिसमें प्रसिद्ध गायक घनश्याम गंधर्व एवं उनकी टीम तथा श्याम भक्त मंडली द्वारा शिव भक्ति से ओतप्रोत भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके बाद शाम 6:30 बजे से छत्तीसगढ़ के प्रयागराज के रूप में प्रसिद्ध वैदिक परंपरा अनुसार सौरभ मिश्रा एवं उनकी टीम द्वारा भव्य महाआरती संपन्न कराई जाएगी।महाशिवरात्रि के इस विशेष आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। आयोजन को सफल बनाने के लिए स्थानीय भक्तगण एवं महाआरती आयोजन समिति क्षेत्र द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होकर भगवान महाकाल का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

# गांजा तस्करी के मामले में आरोपी को 4 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

सक्ती जिले में अवैध मादक पदार्थ गांजा की बिक्री के मामले में एक आरोपी को विशेष न्यायालय ने चार वर्ष के सश्रम कारावास और 25 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। जुर्माना अदा न करने पर आरोपी को एक वर्ष का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा। विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस एक्ट) सक्ती प्रशांत कुमार शिवहरे ने 12 फरवरी 26 को यह निर्णय सुनाया।



इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार न्यायालय ने ग्राम परसी, थाना मालखरौदा निवासी 30 वर्षीय जितेंद्र कुमार सिदार को एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (बी) के तहत दोषी पाया। अतिरिक्त लोक अभियोजक उदय कुमार वर्मा ने बताया कि 12 अगस्त 2023 को मालखरौदा थाना को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरोपी जितेंद्र कुमार सिदार नेवी ब्लू रंग की बिना नंबर की एक्टिवा स्कूटी से गांजा लेकर सक्ती से ग्राम परसी जा रहा है। इस सूचना के आधार पर पुलिस नेउच्च अधिकारियों को सूचित किया और एक टीम गठित की। पुलिस टीम ने ग्राम पोता नहर पुल के पास घेराबंदी कर संदिग्ध स्कूटी को रोका। तलाशी के दौरान स्कूटी की सीट के नीचे डिक्की में सफेद पॉलिथीन में भरा 1 किलो 350 ग्राम गांजा बरामद किया गया। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत 8 हजार रुपए बताई गई है। गांजे को मौके पर तौलकर सीलबंद किया गया और पंचनामा तैयार किया गया। आरोपी के खिलाफ मालखरौदा थाना में एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई। विवेचना के दौरान घटनास्थल का नक्शा, जप्ती पत्रक और गवाहों के बयान दर्ज किए गए। मामले की संपूर्ण विवेचना निरीक्षक कृष्ण चंद्र मोहले ने पूरी की और अभियोग पत्र विशेष न्यायालय एनडीपीएस एक्ट सक्ती में प्रस्तुत किया। अभियोजन पक्ष ने न्यायालय में 8 गवाहों के बयान दर्ज कराए। सभी साक्ष्यों और गवाहों के कथनों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए यह सजा सुनाई। इस प्रकरण में अभियोजन पक्ष की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक उदय कुमार वर्मा ने पैरवी की।

## जमड़ी के महाकालेश्वर मंदिर में पांच दिवसीय मेला आज से

**बिर्रा।** ग्राम जमडी (मल्दा) के महाकालेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर पांच दिवसीय महाशिवरात्रि मेला रविवार 15 फरवरी से प्रारंभ होगा। इस संबंध में सौरभ कुमार शुक्ला ने बताया कि भव्य महाशिवरात्रि मेला में झूला, तमाशा ,सर्कस, मौत कुआं और कई प्रकार के व्यंजन एवं मनोरंजन के साधन का व्यवस्था किया जा रहा है। इस मेला का समापन गुरुवार 19 फरवरी गुरुवार को होगा। आयोजन की आवश्यक तैयारियां समस्त ग्राम वासियों के द्वारा पूरी कर ली गई है।

# स्वास्थ्य शिविर में 153 मरीजों का उपचार, वितिरित की गई दवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा



ग्राम पंचायत बड़े मुड़पार में 14 फरवरी को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आसपास की गांव से पहुंचे लगभग 153 मरीज का जॉच कर निःशुल्क दवाई वितरित की गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पूजा अग्रवाल के निर्देश पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मृत्युंजय राठौर के आदेश पर ग्राम पंचायत बड़े मुड़पार में शनिवार 14 फरवरी को एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शाम 5: बजे तक चलता रहा। इस दौरान आसपास की गांव से पहुंचे लगभग 153 मरीज का जॉच उपरांत इलाज कर निःशुल्क दवाई वितरित किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर दीपिका दास ,डॉक्टर मिथिलेश चंद्रा , उषा कुर्रे फार्मासिस्ट , शशि कला जटावर एमएलटी कविता देवांगन सीएचओ ,कंचन दिनकर एएनएम तथा सतीश शर्मा के अलावा शिविर को सफल बनाने में गांव के सरपंच दिलदार खूंटे के साथ पूरे पंचायत का योगदान रहा।

## मतदाता सूची में नाम विलोपन के आरोप पर विधायक ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को लिखा पत्र, निष्पक्ष जांच की मांग

**अकलतरा।** विधानसभा क्षेत्र अकलतरा में विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के बाद बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम कथित रूप से सूची से हटाए जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है।

इस संबंध में विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ को पत्र लिखकर गंभीर आपत्ति दर्ज कराते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। पत्र में विधायक ने आरोप लगाया है कि विधानसभा क्षेत्र में वर्ग विशेष के हजारों मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से बाहर करने का संगठित प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों से मिल रही शिकायतों के आधार पर यह चिंताजनक तथ्य सामने आया है कि प्रपत्र-07 का दुरुपयोग कर मतदाताओं के नाम हटाने की प्रक्रिया अपनाई गई। विधायक ने यह भी उल्लेख किया कि भाग संख्या 195, 196 सहित अकलतरा नगर के कई मतदान केंद्रों में बड़ी संख्या में नाम विलोपित किए गए हैं। उनका आरोप है कि कई मामलों में बिना उचित सत्यापन के केवल आपत्तियों के आधार पर मतदाताओं के नाम काट दिए गए, जो नियमों के विपरीत है। पत्र में एसआईआर प्रक्रिया में शामिल कुछ अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल उठाए गए हैं। विधायक का कहना है कि बार-बार जानकारी मांगने के बावजूद स्पष्ट विवरण उपलब्ध नहीं कराया जा रहा, केवल मौखिक आश्वासन दिए जा रहे हैं। उन्होंने मांग की है कि प्रपत्र-07 से संबंधित किसी भी आवेदन को स्वीकार करने से पहले आवेदक की पहचान, कारण और साक्ष्य की कड़ाई से जांच की जाए तथा गलत पाए जाने पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 31 के तहत कार्रवाई की जाए। विधायक ने चेतावनी दी है कि यदि अंतिम सूची में नियम विरुद्ध तरीके से नाम हटाए जाने की पुष्टि होती है, तो जन आंदोलन के साथ न्यायालय की शरण लेने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। उन्होंने निर्वाचन आयोग से इस गंभीर विषय पर शीघ्र संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

# भाजपा के नवनियुक्त मोर्चा पदाधिकारियों ने पूर्व नेता प्रतिपक्ष चंदेल से की भेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



छग विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष चंदेल को बुके भेंट करते नवनियुक्त पदाधिकारी।

छ.ग. विधान सभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण चंदेल से उनके जांजगीर-नैला स्थित जनसंपर्क कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी जिला-जांजगीर-चाम्पा एवं मंडल के मोर्चा पदाधिकारियों ने सौजन्य भेट किया, जिसमें भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष भुवनेश्वर साहू, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती संतोषी सिंह, महिला मोर्चा जिला महामंत्री श्रीमती धनेश्वरी जागृति, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती संजीता माली, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती अर्चना देवांगन, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित यादव, अ.ज.जा. मोर्चा जिला उपाध्यक्ष गजानंद ध्रुव, अजा. मोर्चा जिला महामंत्री छोटू कुर्रे, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्रीमती शारदा विश्वकर्मा, श्रीमती रामेश्वरी कौशिक, श्रीमती अनिता कहरा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष सरोज साहू, राजेन्द्र कश्यप, खुशाल कश्यप, अनु.जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष रोहित रात्रा, संजय जाहिरे, अनु.जनजाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष दूजराम भानू, देव नारायण सिदार, हेतराम बरेठ, लेखराम साहू, रघु कश्यप, शिशिर तिवारी, चंद्रकांत रात्रे सहित अन्य नवनियुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों ने सौजन्य भेट किया। इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री चंदेल ने सभी नवनियुक्त भाजपा के मोर्चा पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुये संगठन में सक्रियता से व टीम वर्क के साथ काम करने एवं भाजपा के जनाधार को और अधिक बढ़ाने के लिये आग्रह किया। सभी पदाधिकारियों ने पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री चंदेल का पुष्पगुच्छ, साल व श्रीफल से स्वागत किया, वहीं श्री चंदेल ने सभी पदाधिकारियों को मिष्ठान खिलाकर उनका अभिनंदन करते हुये उन्हे नये दायित्व के लिये शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर किसान मोर्चा प्रदेश कार्य स. सदस्य एवं जि.पं. सांसद प्रतिनिधि विवेका गोपाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष आशुतोष गोस्वामी, नवागढ़ मंडल अध्यक्ष समर्थ सिंह, जांजगीर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष धजाराम साहू, राजू कश्यप, अनिल शर्मा, सत्यनारायण पटेल, गजेन्द्र सिंह, सुशील सिंह, रितेश मोनू अग्रवाल, सतीश शर्मा, पिंकल माली, जगन्नाथ प्रसाद शुक्ला, द्वासराम कश्यप, आकाश सिंह, उमाशंकर कौशिक, सुरेश साहू, भागीरथी कश्यप सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारीगण व कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

# तनाव से बचने जीवन के हर क्षण को आनन्द से जिएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा



व्याख्यान में उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते अतिथि।

शासकीय एमएमआर पीजी महाविद्यालय चाम्पा में मानसिक स्वास्थ्य उन्नयन पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान महाविद्यालय के मानसिक स्वास्थ्य उन्नयन समिति और रेडक्रॉस के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य व्यक्तियों में सकारात्मक सोच, भावनात्मक सन्तुलन, तनाव प्रबंधन, आत्मविश्वास और सामाजिक सामंजस्य को विकसित करना था।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. शुभम गुप्ता लेप्रोस्कोपिक, कोलो रेक्टल सर्जन थे। डॉ गुप्ता ने मानसिक समस्याओं के बारे में बताया तथा उसके निदान के टिप्स दिए। उन्होंने बताया कि वर्तमान में युवाओं में तनाव एक गम्भीर समस्या है। आज हर व्यक्ति किसी न किसी मानसिक तनाव से घिरा हुआ है। इस मानसिक समस्या का एक बड़ा कारण सोशल मीडिया है। सभी मे प्रतिस्पर्धा की होड़ लगी हुई है जिसके कारण इंसान किसी न किसी तनाव में रहता है। उन्होंने सभी समस्याओं का निदान भी बताया । उन्होंने कहा कि सकारात्मक सोंच, पर्याप्त नींद, अच्छा खानपान, सांस प्रस्वास पर ध्यान और परिवार और बुर्जुगों के साथ कुछ पल बैठकर मानसिक रूप से स्वस्थ रहा जा सकता है। उन्होंने जीवन के हर क्षण को आनन्द से जीने का तरीका भी बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एच पी खैरवार ने खुशहाल जीवन जीने के तरीके बताए, उन्होंने कहा कि अच्छे खानपान, व्यवस्थित दिनचर्या, योग एवं प्राणायाम से मानसिक रूप से स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन रेडक्रॉस प्रभारी डॉ नीलिमा पाण्डेय ने किया एवं आभार प्रदर्शन डॉ बंजारे ने किया । कार्यक्रम के अंत में डॉ शुभम गुप्ता के सम्मान में महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा डॉ गुप्ता को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम में मानसिक स्वास्थ्य उन्नयन के संयोजक डॉ महिपाल, डॉ मीनाक्षी चंद्रा, डॉ सुनीता राठौर, अनुराधा राठौर, शिव सूर्यवंशी, प्रभा वर्मा, अर्चना चंद्रा, सुनीता प्रजापति, डॉ गौतम, रंजिता वर्मा, स्टेला मेरी, निधि राठौर, हेम यादव एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

